तापमान

अधिकतम 12.2 डिग्री

न्यूनतम 7.2 डिग्री

हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 30 जनवरी 2024

पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा

4 ओडिसा से ट्रैक्टर में लाया जा रहा 136 बोरी धान जब्त



## खबर संक्षेप

### खनिज आरक्षक के सूने मकान में चोरी

**अम्बिकापुर।** शहर में एक बार फिर चोरी की घटनाएं बढ़ गई है। कोतवाली के बाद अब चोर गिरोह गांधीनगर थाना क्षेत्र में सक्रिय हो गए है। चोरों ने भगवानपुरकला साई मंदिर रोड स्थित खनिज आरक्षक के सूने मकान में धावा बोलकर नगदी समेत लगभग 1 लाख कीमत के जेवरात पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार भगवानपुरकला साई मंदिर रोड निवासी अशोक कुमार मिश्रा आ. स्व.सप्तमुनि मिश्रा खनिज आरक्षक के पद पर अजिरमा बेरियर में पदस्थ है। कुछ दिन पूर्व घर में ताला लगाकर परिवार के साथ गांव गया था। इसी दौरान शनिवार को पड़ोसी ने घर का ताला टूटा तथा चोरी होने की सूचना दी। सूचना पर मकान मालिक अशोक कुमार मिश्रा घर पहुंचा तो देखा कमरे में सामान बिखरा है और अलमारी खुला हुआ है। मकान मालिक ने अलमारी की तलाशी ली तो पता चला कि चोरों ने अलमारी में रखे नगद समेत लगभग 1 लाख कीमत के सोने चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए है। साथ ही चोरों ने घर में लगाए गए सीसीटीवी कैमरा का डीवीआर भी साथ लेकर गए। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### चोरों ने दुकान के सामने से पार किया स्कूटी

**अम्बिकापुर।** पटेलपारा निवासी अमरनाथ बागे आ. बिजगु राम बागे देवीगंज रोड में स्टील दुकान का संचालन करता है। हर रोज की भांति 22 जनवरी को स्कूटी क्रमांक सीजी 15 डीके 7793 से दुकान आया और स्कूटी को दुकान के सामने खड़ा किया था। इसी दौरान रात को दुकान बंद कर घर जाने के लिए निकला तो देखा स्कूटी अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद स्कूटी का कहीं पता नहीं चला तो घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 379 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### अरहर खेत में जाने से मना करने पर ग्रामीण से मारपीट

**अम्बिकापुर।** अरहर खेत में कुछ लोगों को जाते देख ग्रामीण ने खेत में जाने से मना किया तो खेत में जा रहे लोगों ने ग्रामीण की बेदम पिटाई कर दी। लुंड्रा थाना अंतर्गत ग्राम चलगली निवासी जवाहिर चौधरी आ. स्व. बिहारी चौधरी गत दिन अरहर फसल को देखने खेत गया था। इसी दौरान चौरपानी निवासी बिन्दा कोरवा आ. शनिचरा उर्फ झिलो व अन्य लोग उसके अरहर खेत में जाने लगे। जिसे देख जवाहिर ने खेत में जाने से मना किया तो बिन्दा सहित उसके साथियों ने जान से मारने की धमकी देते हुए जमकर पिटाई कर दी। घटना को देख आसपास मौजूद लोगों ने बीच बचाव किया। इधर मारपीट से घायल जवाहिर को परिजन ने अस्पताल में भर्ती कराया। घटना की रिपोर्ट घायल के भाई तेजू चौधरी ने थाने में दर्ज कराई।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत, युवक घायल

**अम्बिकापुर।** रविवार को एनएच पर दो अलग अलग घटनाओं में महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई है। देर शाम हुई घटना में एनएच 130 पर अज्ञात वाहन बाइक सवार लोगों को टक्कर मारकर फरार हो गया। घटना में घायल महिला व युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां महिला की मौत हो गई जबकि युवक का उपचार जारी है। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम किया गया है और घटना की जांच की जा रही है। फिलहाल मृतक महिला व घायल युवक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। बताया जा रहा है कि रविवार की देर शाम मणिपुर पुलिस को सूचना मिली थी कि लोधिमा के फूटामुड़ा तालाब के समीप सड़क दुर्घटना में दो लोग घायल हुए है।

## पीएम मोदी ने छात्रों को दिए परीक्षा में सफलता के टिप्स

# परीक्षा पे चर्चा में प्रधानमंत्री मोदी ने किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'परीक्षा पे चर्चा' के 7वें संस्करण में देशभर के छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों से बातचीत की। इस मेगा क्लास में बच्चों को परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन से लेकर बेहतर नागरिक बनने के गुर मिले। पीएम ने बच्चों के साथ-साथ उनके माता-पिता और शिक्षकों से भी बात की।

इस कार्यक्रम का जशपुर सहित जिलेभर के स्कूलों में सीधा प्रसारण हुआ। जिससे छात्रों को बेहतर मार्गदर्शन मिला। जशपुर जिले अंतर्गत सभी आठ विकासखंड के समस्त शासकीय एवं अशासकीय पूर्व माध्यमिक शाला हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से शाला के अध्यनरत छात्रों को दिखाया गया। सभी विकासखण्ड में से कुछ विद्यालयों में जनप्रतिनिधि एवं पालको के साथ-साथ वहां के अधिकारीगण के उपस्थिति में इस कार्यक्रम का प्रसारण हुआ। वही जिला मुख्यालय स्थित स्वामी आत्मानंद हिंदी मीडियम स्कूल में कलेक्टर रवि मित्तल, नगर पालिका उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता, एवं जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र कुमार सिन्हा इस कार्यक्रम के प्रसारण में स्वयं उपस्थित रहे एवं कार्यक्रम में बच्चों की रुचि को देखकर काफी प्रसन्न हुए और इस कार्यक्रम की सराहना भी की। प्रसारण में माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा बच्चों से सीधा संवाद किया गया।



परीक्षा में चर्चा : एलईडी पर प्रधानमंत्री को सुनते अधिकारी-कर्मचारी।

इस दौरान आज के परिवेश में बच्चों और अध्यापकों, पालकों से जुड़ी समस्याओं और निवारण पर अपना सुझाव दिया। इसके आलावा छात्रों से चर्चा भी किए साथ ही साथ छात्र और अध्यापक कैसे अपने बीच में एक संबंध स्थापित करें उस पर भी मार्गदर्शन दिए। जिससे छात्र अपनी समस्या और चुनौतियों को सुलझाते हुए अपने भविष्य की ओर आगे बढ़े और अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से छात्रों ने सवाल किया कि वो परीक्षा और सिलेबस के प्रेशर को कैसे हैंडल करें। इसके जवाब में पीएम ने कहा, 'हमें किसी भी प्रेशर को झेलने के लिए खुद को सामर्थ्यवान बनाना चाहिए। दबाव को हमें अपने मन की स्थिति से जीतना जरूरी है। किसी भी प्रकार की बात हो, हमें परिवार में भी चर्चा करनी चाहिए।

# अश्लील वीडियो सोशल मीडिया में अपलोड करने वाला गिरफ्तार

**जशपुरनगर।** पुलिस मुख्यालय से सिटी कोतवाली को प्राप्त साइबर टीप लाइन मामले की जांच करते प्रकरण के आरोपी समीर भगत व बजरंग राम को उनके निवास से 28 जनवरी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।



इंटरनेट पर बच्चों से जुड़ी अश्लील फोटो व वीडियो अपलोड करने या देखने पर एनसीआरबी दिल्ली की शाखा संबंधित व्यक्ति पर कार्यवाही के लिए राज्य के पुलिस मुख्यालय को टीपलाइन प्रेषित किया जाता है। इसी क्रम में जिला मुख्यालय स्थित सायबर सेल से थाना सिटी कोतवाली को प्राप्त सायबर टीपलाइन की जांच विवेचना दौरान थाना प्रभारी ने घटना में मोबाईल नंबर का सेवा प्रदाता कंपनी से जानकारी लेकर मोबाईल के धारकों की पतासाजी कर उनके निवास से अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर समीर भगत द्वारा माह अक्टूबर 2022 में सोशल मीडिया एप से महिला एवं बच्चों से संबंधी अश्लील वीडियो एवं बजरंग राम द्वारा फरवरी 2022 में चाईल्ड पोर्नोग्राफी से संबंधित फोटो सोशल मीडिया में अपलोड करना पाया गया। आरोपी समीर भगत के विरुद्ध घटना से संबंधित साक्ष्य नष्ट करने पर धारा 201 भादवि जोड़ी गई है एवं आरोपी बजरंग राम से घटना में प्रयुक्त मोबाईल इत्यादि को जप्त किया गया है। प्रकरण की विवेचना एवं आरोपियों को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी जशपुर निरीक्षक रविशंकर तिवारी, ईष्वर वारले, मनोज सिंह, कार्तिक भगत, हेमंत कुजूर का सराहनीय योगदान रहा।

# मुकेश कुमार व ऋचा गुप्ता को मिला उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान

**जशपुरनगर।** देश के 75 वां गणतंत्र दिवस पर शिक्षक मुकेश कुमार व ऋचा गुप्ता को उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान से मुख्य अतिथि श्रीमती गोमती साय व कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल ने सम्मानित किया।

मुकेश कुमार वर्तमान में शासकीय प्राथमिक शाला दासडुमरटोली, विकासखंड जशपुर में कार्यरत हैं वर्तमान में विद्यालय में नई शिक्षा नीति के अनुरूप शिक्षा की व्यवस्था करने हेतु पूरी तैयारी चल रही है। इस विद्यालय में वर्तमान पीढ़ी के शिक्षा के अनुरूप बच्चों को शिक्षा देने के आयाम बन रहे हैं। नवाचारी शिक्षक मुकेश कुमार के विद्यालय बच्चों के साथ किए नवाचार में पता चला की गांव के बच्चे बहुत जल्दी सीखते हैं। मुकेश कुमार ग्राम कोनपारा तहसील फरसाबहार के निवासी हैं। जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र सिन्हा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी लक्ष्मण शर्मा, विकासखंड परियोजना अधिकारी तिलक राम सिदार, बीआरसी अजय चौबे एवं संकुल समन्वयक नेल्सन जॉन लकड़ा, प्रहलाद सिदार व प्रधान पाठिका फिरदौस खानम ने उत्कृष्ट शिक्षक के पुरुस्कार से सम्मानित दोनों शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की हैं। जिले से कुल 15 शिक्षक शिक्षिका हेमंत साय पैकरा, नितेश कुमार साय, रामचरण पैंकरा, श्रीमती संतोषी डनसेना, मुकेश कुमार पटेल, जानकी साहू ,श्रीमती शकुन्तला चौहान प्रवीण कुमार पाठक वंदना मांझी, हेमनारायण सिंह मक्सीमिलियानुस एक्का, वाईआर केवर्त, रविशंकर यादव भी शिक्षा के विभिन्न आयामों हेतु उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान से सम्मानित हुए।



### एनएच 43 पर हुई घटना में युवक की मौत

**बतौली/सेदम।** रविवार को एनएच 43 पर हुई घटना में एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा युवक घायल हो गया। बताया जा रहा है कि बतौली कुनकुरी निवासी 21 वर्षीय प्रिंस कोरवा आ. तेजू कोरवा अपने साथी 21 वर्षीय दुर्गा पैकरा के साथ अंबिकापुर गया हुआ था और दोनों युवक केटीएम सोल्ड बाइक से वापस घर लौट रहे थे। इस दौरान एनएच 43 पर बेलकोटा के समीप अज्ञात वाहन का चालक टक्कर मारकर फरार हो गया। घटना के बाद दोनों युवक सड़क पर घायल अवस्था में पड़े हुए थे। सूचना मिलने के बाद दयाल 112 के आरक्षक प्रदीप तिर्की टीम के साथ मौके पर पहुंचे। इस घटना में दुर्गा पैकरा की मौके पर मौत हो गई जबकि प्रिंस कोरवा को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है।

# पिछड़ी जनजाति के युवाओं को मशरूम उत्पादन का कौशल प्रशिक्षण

**जशपुरगनर।** जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज द्वारा प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा समुदाय के 20 युवाओं को मशरूम उत्पादन का कौशल प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में युवाओं को ऑयस्टर मशरूम एवं बटन मशरूम उत्पादन की विधि के साथ-साथ बिक्री तथा अकाउंट के संबंध में जानकारी दी जा रही है।

मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण के साथ- साथ साथ युवाओं के रुझान एवं मल्टी स्केलिंग हेतु सिलाई, ड्राइविंग, इलेक्ट्रीशियन, राजमिस्त्री जैसे ट्रेड में भी जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज जशपुर द्वारा हितग्राहियों को अतिरिक्त समय में प्रदाय किया जा रहा है। प्राचार्य जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज अमरनाथ धमगया ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष की कार्य योजना में फाइल पैड, स्क्रीनिंग प्रिंटिंग का का प्रशिक्षण भी सम्मिलित है जिसे जल्द ही प्रारंभ किया जाएगा। उपकोष में एडमिशन की प्रक्रिया प्रारंभ है। इसके अतिरिक्त जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज में इलेक्ट्रीशियन, वेल्डिंग, कुकिंग, सिलाई, रिटेल, डाटा एंट्री ऑपरेटर जैसी ट्रेड में भी मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत प्रशिक्षण हेतु एडमिशन प्रारंभ है। 18 से 45 वर्ष की महिला, पुरुष प्रशिक्षण लेकर रोजगार प्राप्त कर अथवा स्वरोजगार स्थापित कर आर्थिक स्थिति सुदृढ़ कर सकते हैं।



मशरूम उत्पादन।

# कलेक्टर ने मृतक के परिजन को सहायता पहुंचाने के दिए निर्देश

**जशपुरनगर।** कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल द्वारा प्राकृतिक आपदा आग से जलने से असमायिक जनहानि होने से जशपुर विकाखण्ड के ग्राम चराईडांड़ निवासी मृतक स्व. बेलसाजर टोप्पो के निकटतम वारिसन मृतक की पत्नी मेर्खा किनन टोप्पो हेतु राजस्व पुस्तक परिपत्र 6 क्रमांक 04 में दिए गए प्रावधान अनुसार 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया गया है। स्वीकृत राशि को समय-सीमा में हितग्राही को भुगतान किया जा चुका है। विदित हो कि आवेदिका मेर्खा किनन टोप्पो द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र अनुसार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के जांच प्रतिवेदनुसार मृतक बेजलाजर टोप्पो के संबंध में मौका जांच किया गया। जिसमें आवेदिका मेर्खा किनन टोप्पो एवं ग्रामवासियों के बताये अनुसार मिट्टी के तेल वाला डिबरी के ऊपर से सिर में गिरने से मृतक के कपड़ो एवं सिर में आग लग जाने से जिला अस्पताल जशपुर में भर्ती कराया गया तथा बाद में मिशन अस्पताल अंबिकापुर में रेफर किया गया। जहाँ ईलाज के दौरान बेलसाजर टोप्पो की मृत्यु हो गई। कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने आवेदिका किनन टोप्पो के आवेदन पर समय-सीमा में कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

### जनहानि मामले में सहायता राशि स्वीकृत

कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल ने प्राकृतिक आपदा में हुए जनहानि के 05 मामले में प्रभावित परिजन हेतु आरबीसी 6-4 के तहत 20 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। जिसके अंतर्गत फरसाबहार विकासखंड के ग्राम टिकलीपारा निवासी स्व.राजू मुण्डा का सर्पदंश से 06 जुलाई 2023 को मृत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम वारिस मृतक के पत्नी सरिता मुण्डा हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई हैं। इसी प्रकार ग्राम तेलाईन निवासी सोनी बाई का सर्पदंश से 01 अगस्त 2023 को मृत्यु हो जाने पर मृतक के निकटतम वारिस मृतक के पिता केलो साय, ग्राम अम्बाकछार निवासी बलसाय पैंकरा को आकाशीय बिजली गाज गिरने से 29 जुलाई 2023 को मृत्यु होने के कारण मृतक के निकटतम वारिस मृतक की दूसरी पत्नी सुशीला बाई, ग्राम तुमला तोलंगजोर निवासी सुरोती बाई की सर्पदंश से 27 जुलाई 2022 को मृत्यु हो जाने के कारण मृतिका के निकटतम वारिस मृतिका के पति कियो मांझी एवं ग्राम जामटोली निवासी चन्द्रो बाई का सर्पदंश से 25 सितम्बर 2022 को मृत्यु हो जाने पर मृतिका के निकटतम वारिस पुत्री फुलकुंवेर, जानकारी एवं पुत्र प्रदीप हेतु 4-4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

# तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक सवारों को रौंदा



**जशपुरनगर।** तेज रफ्तार पिकअप ने दो बाइक सवारों को रौंद दिया। घटना में दोनों युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई है। घटना स्थल पर पड़े मृतकों के क्षत - विक्षत शव को बड़ी मशक्त के बाद शिनाख्त की जा सकी। मृतकों में अजय सोनवानी व सचिन सोनवानी चाचा भतीजा थे। मृतक पंडरापाठ क्षेत्र के रहवासी है दोनों पंडरापाठ से जशपुर की ओर आ रहे थे रास्ते में तेज रफ्तार पीकअप ने बाइक सवारों को रौंदते हुए फारार हो गया था।

### मृतकों की शिनाख्त हुई

घटना के बाद चालक को पिकअप समेत पकड़ लिया गया है। दोनों मृतकों की शिनाख्त कर ली गई है। दोनों पंडरापाठ क्षेत्र के थे।

-**हर्षवर्धन चौरासे,** थाना प्रभारी सन्ना

# ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक महिला का तबादला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- कलेक्टर के निर्देश पर त्वरित कार्रवाई

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शेखरपुर में पदस्थ श्रीमती गुणवती भगत, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक महिला के आदिवासी पहाड़ी क्षेत्र में कार्य करने की इच्छुक होने के दृष्टिकोण से उनके आवदेन पर विचार करते हुए उनको उप स्वास्थ्य केन्द्र खरसोता विकाखण्ड मनोरा में आगामी आदेश पर्यन्त तक कार्य करने हेतु आदेशित किया गया है।

उल्लेखनीय है कि श्रीमती गुणवती भगत द्वारा उप स्वास्थ्य केन्द्र खरसोता में कार्यभार देने कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल को आवेदन दिया गया। आवेदन अनुसार श्रीमती भगत द्वारा जानकारी दी गई है कि उनका मूल पदस्थापना पीएचसी शेखरपुर है। किन्तु उन्हें सीएचसी पण्डारीपानी में कार्यभार दिया जा रहा है। पूर्व में उनके द्वारा मूल पदस्थापना के विरूद्ध सीएचसी पण्डरीपानी में 13 वर्ष कार्य कर चुकी है। जहॉ पर स्वास्थ्य संबंधी परेशानियॉ बार-बार होने के कारण 02 वर्षो से सीएचसी खरसोता में कार्य कर रही थी। जिस कारण से उप स्वास्थ्य केन्द्र खरसोता में कार्यभार देने के लिए कलेक्टर से निवेदन किया गया है। जिससे कलेक्टर डॉ. मित्तल ने संज्ञान में लेते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को आवेदन पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। परिपालन में स्वास्थ्य विभाग के सीएमओ द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए समय-सीमा में कार्यवाही करते हुए श्रीमती गुणवती भगत, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक को उप स्वास्थ्य केन्द्र खरसोता में कार्य करने हेतु आदेशित किया गया है।

### कोलाहल अधिनियम का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई

**अंबिकापुर।** अब शहर में कोलाहल अधिनियम का पालन नहीं करने और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सरगुजा पुलिस सख्त हो गई है। पुलिस ने बीती रात पिकअप वाहन में तेज आवाज में डीजे बजाने के मामले में कार्रवाई करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसके साथ ही पुलिस ने पिकअप व डीजे सिस्टम को जब्त कर लिया गया है और उनपर कोलाहल अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। बता दें कि ध्वनि विस्तारक यंत्रो के तेज आवाज से हो रही परेशानियों कों संज्ञान में लेकर एसपी सुनील शर्मा ने कार्रवाई के निर्देश दिए थे। एसपी के निर्देश पर एएसपी पुपलेश कुमार, सीएसपी स्मृतिक राजनाला के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा शहर में हो रहे आयोजनों के दौरान देर रात तक तेज आवाज में ध्वनि विस्तारक यंत्रो का उपयोग करने वालों पर नजर रखी जा रही है। इसी कड़ी में 27 जनवरी की रात गांधीनगर पुलिस को सूचना मिली थी कि कमोदा विहार तुर्रापानी के पास कुछ व्यक्तियों द्वारा तेज आवाज में डीजे सिस्टम का प्रयोग कर कोलाहल किया जा रहा है।

## देश भर में नवाचारी गतिविधि पर आधारित

# ज्योति शाहनी को मिला राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

देश के सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के लिए नवाचारी गतिविधि पर आधारित सम्मान प्रतिवर्ष जनवरी माह में दिया जाता है। जिसमें देश के चुनिंदा शिक्षकों को यह सम्मान प्राप्त होता है जो कि 28 जनवरी को जशपुर की श्रीमती ज्योति शाहनी बाघव को भी प्राप्त हुआ। कुछ कारणों से ज्योति शाहनी इस पुरस्कार को प्राप्त करने के लिए रायपुर नहीं जा पाई, तो यह पुरस्कार उन्हें पोस्ट द्वारा भेजा गया। ज्योति अपने शाला में नवाचारी गतिविधियों के लिए भी काफी सक्रिय रहती हैं।

ज्योति लगभग दस साल शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बघिमा में कार्यरत थी। जहां शाला के प्रधान पाठक अनिरुद्ध कुमार टोप्पो के मार्गदर्शन में बालिका शिक्षा पर आधारित नृत्य नाटिका में ज्योति शाहनी ने शिक्षिका सीमा गुप्ता के साथ निर्देशक की भूमिका निभाते हुए संकुल स्तर, विकासखंड स्तर और फिर जिला स्तर पर प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया था। वर्तमान में ज्योति शाहनी शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला लोदाम में सात सालों से कार्यरत है। यहां भी उनके द्वारा विभिन्न नवाचारी गतिविधियां की जाती रहती हैं जिनमें से प्रमुख है नवाचार के लिए ठोस, द्रव्य, गैस को संकेत के माध्यम से बच्चों के साथ क्रियात्मक ढंग से एक्ट करना और समझाना, अंकुरण के लिए बच्चों को वास्तविक बीज का रोपण कर उनके साथ उसकी देखरेख करना, हृदय की क्रिया विधि को एक साथ सभी को एक्ट के माध्यम से समझाना, पालक संपर्क के द्वारा उनके साथ गतिविधियों को देखना और उन्हें भी बताना इस तरह की गतिविधियां ज्योति साहनी के द्वारा उनके वर्तमान प्रधान पाठिका कांति तिर्की के मार्गदर्शन में की जाती रहती है। यह नवाचारी पुरस्कार प्रत्येक विकासखण्ड में एक शिक्षक को दिया जाता है जो की बहुत ही सम्मानजनक होता है। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला लोदाम की प्रधान पाठिका कांति तिर्की ने कहा विद्यालय से वेद राम यादव को कबाड़ से जुगाड़ द्वारा टीएलएम के निर्माण के लिए जिला स्तर पर प्रथम पुरस्कार प्राप्त हो चुका है। साथ ही विद्यालय की शिक्षिका सीमा प्रधान के द्वारा भी विज्ञान में कई तरह की गतिविधियां कराई जाती रहती है और अब उनके विद्यालय की ज्योति शाहनी को राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान मिलने पर वह बहुत खुश हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आगे भी उन्हें ज्योति से काफी उम्मीदें हैं। बच्चे ज्योति के साथ काफी खुश रहते हैं और उनके द्वारा किए जा रहे नवाचारी प्रयोग से बहुत जल्द सीखते भी है। ज्योति महिलाओं के सक्रिय समूह सजल से भी जुड़ी हुई है जिसमें उनके द्वारा विभिन्न प्रकार के समाज सेवा के कार्य भी किए जाते हैं।



नवाचारी शिक्षा में शामिल बच्चे।

# स्वास्थ्य शिविर में 70 लोगों की जांच



**जशपुरनगर।** कुनकुरी विकाखण्ड के एसएचसी जोकारी के पाकरकुदर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जोकारी के समस्त स्टॉफ एवं मितानीन उपस्थित थे। स्वास्थ्य विभाग के टीम द्वारा आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण शिविर पाकरकुदर में सभी लोगों का स्वास्थ्य जांचर किया गया। इनमें बीपी के 38, सुगर के 38, सिकलसेल के 21, मलेरिया के 45, सर्दी-खांसी-बुखार के 38, पतला दस्त के 02 सहित कुल 70 लोगों का जांच किया गया। इनमें बीपी के 02 मरीज का चिन्हांकन किया गया और उन्हें दवाईया दी गई।

29 Jan-Jash Bhoomi pg2_Layout 1 1/29/2024 7:55 PM Page 1



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'अर्गिल' के वर्ल्ड प्रीमियर पर हेनरी कैविल का जलवा



'अर्गिल' का वर्ल्ड प्रीमियर लंदन में हुआ। इस दौरान हेनरी कैविल ने रेड कार्पेट पर जलवा बिखेरा। कैविल को गर्लफ्रेंड नताली विस्कुसो के साथ पोज देते देखा गया। 'अर्गिल' इस साल की बहुप्रतीक्षित हॉलीवुड फिल्मों में से एक है। बीती रात सितारे लंदन में फिल्म के वर्ल्ड प्रीमियर के लिए निकले। सितारों से सजे इस कार्यक्रम में कई दिग्गजों ने रेड कार्पेट पर जलवा बिखेरा। प्रीमियर में ब्राइस डलास हॉवर्ड, दुआ लीपा और अन्य सितारे शिरकत करते देखे गए। वहीं, इस इवेंट में सबसे ज्यादा लाइमलाइट 40 साल के अभिनेता हेनरी कैविल ने बटोरी। इस दौरान वह अपनी गर्लफ्रेंड नताली विस्कुसो के साथ रेड कार्पेट पर पोज देते नजर आए। कैविल, अर्गिल के लंदन प्रीमियर में हेनरी कैविल गहरे नीले रंग के सूट में बेहद स्मार्ट लगे। वहीं, उनकी गर्लफ्रेंड नताली विस्कुसो सफेद रंग के लंबे गाउन के ऊपर गोल्डन जैकेट पहनी काफी हसीन लगीं। इस जोड़ी ने कैविल की नेटफ्लिक्स फिल्म 'एनोला होम्स 2' के प्रीमियर के लिए अक्तूबर 2022 में न्यूयॉर्क शहर में रेड-कार्पेट पर अपनी शुरुआत की थी। विस्कुसो वर्टिगो एंटरटेनमेंट में एक टेलीविजन कार्यकारी हैं। 'अर्गिल' की कहानी 'अर्गिल', जो 2 फरवरी को रिलीज होगी, मैथ्यू वॉन द्वारा निर्देशित और निर्मित एक जासूसी एक्शन कॉमेडी फिल्म है।
फिल्म के सारांश के अनुसार, हॉवर्ड ने एली कॉनवे नामक एक लेखक की भूमिका निभाई है।

### टॉलीवुड

## बाफ्टा विजेता फिलिप की 'चेन्नई स्टोरी' में काम करेंगी श्रुति हासन



अभिनेत्री श्रुति हासन को बीते दिनों प्रभास के साथ फिल्म 'सलार' में देखा गया था। अब एक्ट्रेस अपनी नई फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। श्रुति अब फिल्म 'चेन्नई स्टोरी' में नजर आएंगी। साउथ इंडस्ट्री की चर्चित अभिनेत्री श्रुति हासन को बीते दिनों प्रभास के साथ फिल्म 'सलार' में देखा गया था। अब एक्ट्रेस अपनी नई फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। श्रुति अब फिल्म 'चेन्नई स्टोरी' में नजर आएंगी। इसका निर्देशन बाफ्टा विजेता फिलिप जॉन कर रहे हैं। श्रुति हासन ने इस फिल्म में काम करने को लेकर अपना उत्साह जाहिर किया है। ये फिल्म भारत और यूके की साझेदारी में बन रही है। ब्रिटिश फिल्म इंस्टीट्यूट (बीएफआई) यूके ग्लोबल स्क्रीन फंड फिल्म को सहयोग कर रहे हैं। 'चेन्नई स्टोरी' को लेकर श्रुति हासन ने कहा, 'मैं इस फिल्म में काम करने के लिए बहुत खुश हूं। इस फिल्म में चेन्नई की विविधता और विशिष्टता को दिखाया जाएगा, इसलिए यह फिल्म मेरे लिए बहुत खास है। मैं 'चेन्नई स्टोरी' के जरिए अपनी संस्कृति को अंतरराष्ट्रीय दर्शकों तक ले जाने के लिए पूरी तरह तैयार हूं।' बाफ्टा विजेता फिलिप जॉन ने कहा, 'मैं 'चेन्नई स्टोरी' फिल्म में श्रुति हासन के साथ काम करने के लिए उत्साहित हूं। इस फिल्म में चेन्नई और कार्डिफ दोनों शहरों की सांस्कृतिक दिखाई जाएगी। बीएफआई के समर्थन से यह फिल्म अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक नया सहयोग लाती है। रिपल वर्ल्ड पिक्चर्स के प्रोड्यूस और फाउंडर डोमिनिक राइट ने कहा, 'हम इस बात से बहुत खुश हैं कि साउथ की बहुप्रतिभाशाली अभिनेत्री श्रुति हासन बीएफआई इंस्टिट्यूट यूके और भारत सह-उत्पादन फिल्म के कलाकारों में शामिल हो गई हैं।

### भोजपुरी


## जब बिटिया ने उठाया श्मशान में मुर्दे जलाने का बीड़ा, जाने 'जया'



भोजपुरी फिल्मों 'कसम धरती मईया की' और 'सत्या' के बाद अभिनेता दया शंकर पांडे की तीसरी फिल्म 'जया' अगले महीने रिलीज होने वाली है। दया का कहना है कि वह भोजपुरी सिनेमा में वही फिल्में करना चाहते हैं जिनमें फूहड़ता ना हो। वह यह भी कहते हैं कि क्षेत्रीय भाषाओं की फिल्मों में सबसे ज्यादा भोजपुरी फिल्में बनती हैं लेकिन इनके बारे में कोई गर्व से बात नहीं करता। अभिनेता दया शंकर पांडे कहते हैं, 'मुझे अलग अलग तरह के किरदार निभाने का मौका मिलता है तो करने में मजा आता है। मैंने दिनेश लाल यादव निरहुआ के साथ 'धरती मईया की कसम' और पवन सिंह के साथ 'सत्या' की थी। दोनों फिल्मों में मेन विलेन था। इन फिल्मों में एक अभिनेता के तौर पर मुझे अलग करने को मिला। हिंदुस्तान में कई क्षेत्रीय भाषाओं की फिल्में बन रही हैं लोग बड़े गर्व से कहते हैं कि हमारी मराठी फिल्में, हमारी साउथ की फिल्में अच्छी है। लेकिन भोजपुरी सिनेमा को हम गर्व से नहीं कह पाते कि हमारी फिल्में बहुत अच्छी हैं, यह एक बहुत बड़ी बिडंबना है।' दया का मानना है कि जो समाज के लिए बदलाव लाए वह सिनेमा है। वह कहते हैं, 'फिल्मों से हम भले ही ज्यादा पैसे कमा रहे हैं, लेकिन सिनेमा का एक स्तर होना चाहिए। मैं अवार्ड को सेकेंडरी समझता हूं। कला इसीलिए बनी कि वह समाज को बदले। चाहे वह कहानियों के माध्यम से हो या फिर कविताओं के माध्यम से। भोजपुरी फिल्म 'जया' एक सामाजिक संदेश देती है। मुझे ऐसी फिल्म करने में आनंद आता है और मैं ऐसे सिनेमा के साथ जुड़ा हूं चाहे वह फिल्म 'लगान', 'स्वदेश', और 'गंगाजल' जैसी फिल्मों हो जिसने समाज को सामाजिक रूप से एक नया दृष्टिकोण दिया।' दया शंकर पांडे कहते हैं, 'एक कलाकार के तौर पर मेरा मानना है कि हमारा ऐसा योगदान सिनेमा के प्रति होना चाहिए, जिससे समाज हमारी कला और कहानी से कुछ सीखे। और, बदलाव आए। क्योंकि ऐसा हमेशा से होता आ रहा है, चाहे भारतीय सिनेमा हो या फिर हॉलीवुड की फिल्में, समाज के बदलाव में सिनेमा की अहम भूमिका रही है।
कहानी और नाटक समाज को बदलने के माध्यम रहे हैं। फिल्में देखकर लोग अपने जीवन में बदलाव लाने कोशिश करते हैं।

## लाइफ स्टाइल

### दुबई का नजारा



दुबई का आधिकारिक फैशन समारोह दुबई फैशन वीक इस बार 4 से 8 फरवरी तक होने जा रहा है। दुबई डिज़ाइन डिस्ट्रिक्ट (डी3) और अरब फैशन काउंसिल के कोलेबरेशन में होने वाले यह शो वैश्विक फैशन कैलेंडर में न्यूयॉर्क, लंदन, मिलान से आगे निकल जाएगा, ऐसी उम्मीद जताई जा रही है। इसका उद्देश्य फैशन और रचनात्मकता के वैश्विक केंद्र के रूप में दुबई की स्थिति को और मजबूत करना है। वहीं डिजाइनरों के साथ सहयोग के अवसरों को बढ़ाना भी है।

## फ्लोरल ब्रेड हेयर स्टाइल क्रियेट करें कई ढंग से



अगर आप ब्रेड फ्लोरल हेयर स्टाइल क्रिएट करना चाहती हैं तो इसके लिए इस हैक्स को ट्राई करें इससे आसानी से ब्रेड बनकर तैयार हो जाएगी। इसके लिए सबसे पहले आपको आगे के बालों में सेक्शन कर उन्हें आगे सेट कर लेना है। अब जो पीछे के बाल हैं उनमें पफ क्रिएट करना है, इसके लिए बेस्ट है कि आप बैक कॉम्बिंग करें। इसके बाद पीछे के बालों को लेना है और ट्विस्ट कर सेट करना है। आप इसमें ब्रेड भी बना सकती हैं और छोटे-छोटे सेक्शन में सेट कर सकती हैं। फिर हेयर में बाउंस देने के लिए इन्हें खोलना शुरू कर देना है। इसके बाद इसमें पिन की मदद से फ्लावर सेट करने हैं। इस तरीके से आपका हेयर स्टाइल बनकर तैयार हो जाएगा। अगर आपके बाल पतले हैं तो जो तरीका इसमें बताया गया है आप उसके हिसाब से ब्रेड (हेयर स्टाइल टिप्स) बनाएंगी, तो बालों में एक बाउंस क्रिएट होगा। जिससे वो हेल्दी और हैवी लगेंगे। इसके लिए पहले आपको पफ क्रिएट करना है। अब आपको बालों को ट्विस्ट करना है और रबर बैंड की मदद से चोटी बनाकर सेट करना है। फिर इसे अंदर की तरफ ट्विस्ट करना है। इसी तरीके से आपको सारे बालों को ट्विस्ट कर सेट करना है। इसके बाद इसे पिन से सेट करना है। इस बात का ध्यान रखें कि बालों में हैवी कर्ल जरूर क्रिएट करें, ताकि वो अच्छे लगे। अब इसमें फ्लावर सेट करना है, छोटे-छोटे हिस्से में।

## चायपत्ती कर सकती है बालों का घरेलू इलाज




चाय पत्ती सिर्फ पीने में ही नहीं बल्कि बालों में लगाने के भी काफी काम आती है। इसके इस्तेमाल से बालों की ग्रोथ अच्छी होती है साथ ही झड़ना भी कम हो जाता है। अगर आपके बाल ज्यादा झड़ने लगे हैं या फिर दोमुंहे नजर आ रहे हैं तो ऐसे में आप बालों में चाय पत्ती (ड्राई स्कैल्प) के पैक को बनाकर लगा सकती हैं। यह बालों को झड़ने से रोकने में मदद करता है और ग्रोथ बढ़ाता है। चाय पत्ती का पेस्ट बनाने के लिए आपको दो चम्मच चाय पत्ती पाउडर को 1 चम्मच एलोवेरा में मिक्स करना है। इसके बाद इसमें थोड़ा सा पानी मिक्स करना है। फिर इस पेस्ट को अपने बालों में 30 मिनट के लिए लगाना है। इसके बाद शैंपू से बाल साफ कर लेने हैं। इसे आप हफ्ते में 1 बार लगाएं। इससे आपके बालों की ग्रोथ कुछ ही महीनों में अच्छी हो जाएगी। चाय पत्ती का पानी बालों के लिए काफी अच्छा होता है। ये एक बेहतरीन कंडीशनर होता है। इसको लगाने से बाल मुलायम (जोजोबा ऑयल) होते है और चमकदार नजर आते हैं।

## फ्लोरल अनारकली सूट के डिजाइंस अपनाएं, आपको मिलेगा परफेक्ट लुक

फैशन





सूट को स्टाइल करने से पहले जरूरी है कि आप फिटिंग का भी खास ध्यान रखें, इससे आपका लुक और अट्रैक्टिव लगता है। जब भी हम कोई सूट खरीदते हैं तो मार्केट में जाकर अच्छे-अच्छे डिजाइन सर्च करते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि हम पहले से ही लेटेस्ट ट्रेंड को सर्च करके जाते हैं। लेकिन कई बार ऐसा होता है कि कई सारे डिजाइन और पैटर्न होते हैं जो हमसे छूट जाते हैं। फ्लोरल अनारकली सूट डिजाइन भी उनमें से एक है, आजकल ये काफी ट्रेंड में है।

### गाउन स्टाइल फ्लोरल अनारकली सूट

अगर आपको किसी पार्टी या फिर घर के किसी फंक्शन में गाउन पहनने का मन है लेकिन एथनिक लुक भी क्रिएट करना है तो इसके लिए आप गाउन स्टाइल अनारकली को वियर कर सकती हैं। इसमें आपको फ्लोरल प्रिंट जो आजकल काफी चल रहा है वो मिल जाएगा। इसकी खास बात ये होती है कि ये आपको लाइट और हैवी दोनों तरह के प्रिंट में मिल जाएंगे। कलर को आप अपनी पसंद के हिसाब से खरीद सकती हैं। मार्केट से खरीदने पर ये आपको 1000 से 2000 रुपये में मिलेगा।

### अनारकली सूट विद पैंट

घर में पूजा है तो इसके लिए आप इस फ्लोरल प्रिंट के अनारकली सूट को वियर कर सकती हैं। इसमें लुक काफी अच्छा लगता है। इस तरह के सूट में आपको शॉट अनारकली कुर्ती मिलेगी। जिसपर गोटा पट्टी वर्क होगा। इसके साथ सेम प्रिंट की पैंट और दुपट्टा सिंपल मिलेगा। इस तरह के अनारकली सूट को भी आप स्टाइल कर सकती हैं। मार्केट में ये आपको 500 से 1000 रुपये में मिल जाएंगे।

### फ्रंट स्लिट अनारकली सूट

स्लिट ड्रेस आजकल काफी चल रही हैं यही फैशन ट्रेंड आपको अनारकली में भी मिल जाएगा। जिसे आप किसी भी पार्टी या (सलवार सूट) इवेंट में वियर कर सकती हैं। इसके साथ आपको दुपट्टा और पैंट मिलेगा। आप इसे सिंपल तरीके से स्टाइल कर सकती हैं, वरना हैवी ज्वेलरी के साथ भी इसे पहना जा सकता है। मार्केट में ये सूट आपको 1000 से 2000 रुपये में मिल जाएंगे। इस तरीके के फ्लोरल प्रिंट अनारकली सूट को स्टाइल करें। इसमें आपका लुक अलग और परफेक्ट नजर आएगा।

## स्टाइलिश लुक देने बैकलेस ब्लाउज की डिजाइन में करें बदलाव, मिलेगा लुक



साड़ी में स्टाइलिश दिखने के लिए ब्लाउज के डिजाइन को बॉडी टाइप और आउटफिट के कलर कॉम्बिनेशन को ध्यान में रखकर चुनना बेहद जरूरी होता है।आजकल मार्केट में कई वैरायटी में आपको ब्लाउज के लेटेस्ट डिजाइंस नजर आ जाएंगे, लेकिन स्टाइलिश और बोल्ड दिखने के लिए हम बैकलेस ब्लाउज पहनना काफी पसंद करते हैं।

**ब्लाउज को स्टाइलिश लुक देने के लिए चूड़ी का कैसे करें इस्तेमाल ?**

स्टाइलिश लुक पाने के लिए आपको वैसे तो मार्केट में कई चीजें मिल जाएंगी, लेकिन अगर आप बैकलेस ब्लाउज को स्टाइलिश लुक देना चाहती हैं तो इस तस्वीर में दिखाया गया डिजाइन साड़ी या लहंगे के साथ पहनने वाले बैकलेस ब्लाउज पर बनवा सकती हैं। चूड़ी के लिए आप किसी भी साइज या डिजाइन को चुन सकती हैं।


**ब्लाउज में चैन को स्टाइल कैसे करें ?**

बैकलेस ब्लाउज में आपको फ्रंट से हॉल्टर नेकलाइन वाले कई ब्लाउज के डिजाइंस मिल जाएंगे, लेकिन स्टाइलिश लुक पाने के लिए आप ब्लाउज के बैक डिजाइन में बीड्स, पर्ल्स या स्टोन वाली चैन का इस्तेमाल कर सकती हैं।

**ब्लाउज की डोरियों को फैंसी लुक देने के लिए क्या करें ?**

अक्सर बैकलेस ब्लाउज में डोरियों को लगाया जाता है, लेकिन अगर आप इन डोरियों को फैंसी लुक देना चाहती हैं तो इस पर लटकन लगवा सकती हैं। लटकन के कलर और डिजाइन के लिए आप अपनी आउटफिट के डिजाइन का खास ख्याल रखें।

## आई लाइनर लगाने की ट्रिक्स बदलकर छोटी आंखों को दिखा सकते हैं बड़ा भी



आंखों को बड़ा दिखाने के लिए आपने कई सारे ट्रिक्स आजमाएं होंगे। हम जो आज ट्रिक्स आपको बताने वाले हैं, वो ट्राइड और टेस्टेड हैं। इन ट्रिक्स से आपकी आंखें आकर्षक और सुंदर भी दिखेंगे।

ऐसा कहा जाता है कि किसी की आत्मा में झांकना हो, तो उसकी आंखों को करीब से देख लीजिए। बड़ी-बड़ी आंखों वाली हसीनाओं के लिए यह कहना आसान हो सकता है, लेकिन जिनकी छोटी आंखें होंगी उनका क्या? हां, मगर कुछ ऐसी ट्रिक्स हैं, जिनकी मदद से छोटी आंखों भी बड़ी दिख सकती हैं। एक आईलाइनर की मदद से आप ऐसा कर सकती हैं। ये ट्रिक्स आपकी छोटी आंखों में बहुत बड़ा बदलाव ला सकती हैं। चाहे आपको मेकअप आता हो या फिर आप नौसिखिया ही हों, सही तकनीकों के साथ अपनी आंखों को निखारने का तरीका हम ले आए हैं। इससे आपकी आंखें बड़ी और अधिक आकर्षक दिखाई दे सकती हैं।

**व्हाइट या न्यूड लाइनर लगाएं:** अपनी आंखों को बड़ा दिखाने का सबसे प्रभावी तरीकों में से एक है अपनी वॉटरलाइन पर सफेद या न्यूड आईलाइनर लगाना। यह ट्रिक आंखों को तुरंत ग्लो देती है और बड़ी और खुली-खुली आंखों का भ्रम पैदा करती है। एक छोटा-सा लेकिन प्रभावी चेंज देखने के लिए बस अपनी निचली वॉटरलाइन को एक सफेद या न्यूड पेंसिल से लाइन करें और फिर देखें, सब कैसे आपकी आंखों में डूबते हैं।


**टाइटलाइनिंग करें ट्राई:** टाइटलाइनिंग का मतलब है कि आप नीचे ही नहीं, बल्कि ऊपरी वॉटरलाइन पर भी लाइनर लगाएं। इससे पलकें घनी दिखती हैं और एक हल्का स्मोकी लुक भी आता है। इस तरह से लाइनर लगाने से बड़ी लैश लाइन का भ्रम पैदा होता है। वॉटरप्रूफ या लंबे समय तक टिकने वाली आईलाइनर पेंसिल का उपयोग करें ।

### कार्नर न्यूज

### हाइट को जानबूझकर या गलतियों से कम दिखाना कहीं भी समझदारी नहीं

## ड्रेसिंग की बहुत सी गलतियों से आपकी हाइट दिखती है कम, इन्हें जान लीजिए

हाइट कम होना कोई खराब बात नहीं है। लेकिन गलती करके ऐसी ड्रेसिंग करना जिससे हाइट कुछ ज्यादा ही कम लगे ये भी सही नहीं है। इसलिए जरूरी है कि आप अपनी ड्रेसिंग में वो 5 खास गलतियां बाहर कर दें जो आपको जरूरत से ज्यादा छोटा दिखाती हैं। इन गलतियों को पहचान कर अपनी हाइट को ज्यादा दिखाया जा सकता है। इन गलतियों को पहचान लीजिए ताकि आपको अपना बेस्ट लुक मिल सके। चलिए इन गलतियों को पहचान लीजिए।



### ओवरसाइज़ जैकेट

आपको हाइट को ज्यादा महसूस कराना हो तो ओवरसाइज़ जैकेट या दूसरे बैगी कपड़ों से भी दूरी बनानी होगी। बैगी और ढीले कपड़े कम हाइट का इल्यूजन देते हैं। इसमें पैर छोटे महसूस होते हैं।

### जींस की लंबाई

जींस की लंबाई कितनी है? हाइट को ठीक ठाक दिखाने के लिए ये जानना जरूरी है। अगर जींस के नीचे कुछ हिस्से की यूंहीं लेयर बन रही हैं तो आपको इसे तुरंत कटा लेना चाहिए। कटा नहीं सकते हैं तो इन्हें कम से कम एंकल तक फोल्ड कर लें। इसकी फिटिंग पर भी ध्यान दें।



### हील वाले जूते

अगर आपकी स्टाइल में हील वाले जूते शामिल है तो आपको इन्हें ना कर देना चाहिए। इसके साथ हैवी सोल वाले जूते भी नहीं चलेंगे। आप सोच रहे होंगे हील वाले जूतों में क्या दिक्कत है? दिक्कत है। दरअसल इसमें आपके पैर छोटे दिखते हैं।

### भारी एसेसरीज

अगर आपको भारी एसेसरीज जैसे टाई और घड़ी पहनना पसंद है तो इनको भी लुक से निकाल दीजिए। आपको पतली टाई पहननी होगी, इसके साथ आपको पतले स्ट्रेप वाली घड़ी भी पहननी होगी।

### गलत लेयरिंग

लेयरिंग करना फैशन का हिस्सा है लेकिन इसे सही तरीके से किया गया हो तब ही अच्छा रहेगा। अगर लेयरिंग का हर कपडा अलग रंग का है तो मामला सही नहीं बैठेगा। लेयरिंग को एक ही कलर पैलेट में पहनें तो अच्छा रहेगा। इसके साथ प्रिंट न चुनें और सॉलिड रंगों का चुनाव करें।

29 Jan-Jash Bhoomi pg3_Layout 1 1/29/2024 7:54 PM Page 1





# 100 करोड़ के क्लब में शामिल हुई फाइटर...

**मुंबई।** फिल्म फाइटर को बॉक्स ऑफिस पर काफी अच्छा रिस्पॉस मिल रहा है। सिर्फ 4 दिनों के अंदर फिल्म भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर चुकी है। वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर भी यह धुंआधार कमाई कर रही है। बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की बात करें तो पिछले 4 दिनों में फिल्म भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 105 करोड़ 45 लाख रुपए की कमाई कर चुकी है। फाइटर के वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस की बात करें तो विश्व स्तर पर फिल्म की कमाई के आंकड़े ट्रेड विशेषज्ञ विजयबालन ने जारी किए हैं।

## लाइफ Style



# जाह्नवी

## सूर्या संग लड़ाएंगी इश्क

एजेंसी ▶▶| मुंबई

जूनियर एनटीआर संग काम करने के बाद जाह्नवी कपूर के हाथ एक और बड़ी फिल्म लगी है, जिसमें वह एक और साउथ सुपरस्टार के साथ इश्क लड़ाती हुई दिखाई देंगी। इस फिल्म को राकेश ओम प्रकाश मेहरा डायरेक्ट करेंगे। यह एक पीरियड ड्रामा फिल्म होगी।

बॉलीवुड एक्ट्रेस जाह्नवी ने बॉलीवुड के बाद साउथ इंडस्ट्री में अपने कदम जमाने शुरू कर दिए हैं। खबर है कि उनके हाथ एक और बड़ी फिल्म लगी है, जिसमें एक्ट्रेस साउथ सुपरस्टार सूर्या के साथ स्क्रीन शेयर करते हुए दिखाई देंगी। रिपोर्ट के मुताबिक, जाह्नवी और सूर्या पहली बार एक पीरियड ड्रामा फिल्म में साथ दिखाई देंगे। बता दें कि फिलहाल एक्ट्रेस कोराटाला शिवा द्वारा निर्देशित फिल्म देवरा से साउथ फिल्म इंडस्ट्री में अपना डेब्यू कर रही हैं। फिल्म में वह साउथ सुपरस्टार जूनियर एनटीआर के साथ दिखाई देंगी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इन दिनों जाह्नवी के पास कई प्रोजेक्ट्स हैं। पिछले दिनों ही उनकी अपकमिंग फिल्म देवरा का टीजर सामने आया था, जिसे देखने के बाद फैंस फिल्म देखने के लिए बेताब हो गए हैं। बता दें कि देवरा में साउथ सुपरस्टार जूनियर एनटीआर मुख्य भूमिका में हैं। वहीं जाह्नवी थंगम के रोल में दिखाई देंगी। इसके अलावा फिल्म में सैफ अली खान भी हैं। वह इसमें विलेन के रोल में दिखाई देंगे। पहले देवरा अप्रैल को रिलीज होने वाली थी लेकिन अब इसकी रिलीज को आगे बढ़ा दिया गया है। अब इसे साल के आखिरी में रिलीज किया जा सकता है।

## हॉलीवुड मसाला



# जुए की लत ने किया बर्बाद

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड एक्ट्रेस किम जोलिसक की मुश्किलें काफी बढ़ गईं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक जुए की लत ने हीरोइन को बर्बाद कर दिया। पति का आरोप है कि एक्ट्रेस को जुए की लत थी। दोनों पति पत्नी के बीच तलाक हो चुका है। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि इस हीरोइन ने अपना एक कपड़ा 4 लाख 90 हजार में बेचा। रिपोर्ट्स के मुताबिक एक सूत्र का दावा है कि एक्ट्रेस के छह बच्चे हैं। जिनके लिए उन्होंने महंगे और ढेर सारे तोहफे खरीदने के लिए अपने डिजाइनर कपड़े और एक्सेसरीज बेच दी हैं।



# पेरिस में स्पॉट हुईं रीटा ओरा

**लॉस एंजेलिस।** म्यूजिश्यन रीटा ओरा हॉलीवुड इंडस्ट्री की चर्चित हसीनाओं में से एक हैं। रीटा ओरा अक्सर अपने लुक्स से फैंस की नींद उड़ा देती हैं। हाल ही में एक बार फिर रीचा ने अपने अंदाज से लोगों के होश उड़ा दिए। दरअसल रीटा ओरा को पेरिस के एक होटल के बाहर देखा गया। इस दौरान रीटा ओरा का बोल्ड लुक देखने को मिला। लुक की बात करें तो 33 साल की सिंगर क्रॉप टॉप, लो राइज स्नेक प्रिंट फ्लेयर्स में हॉट दिखीं। ठंड से बचने के लिए हसीना ने फर्र वाली जैकेट, स्कार्फ पेयर किया था। फुटविअर की बात करें तो रीटा ओरा ने ब्राउन शूज से लुक को स्टाइल किया। अपने लंबे ब्राउन बालों को ओपन रखते हुए हसीना ने मिनिमल मेकअप से लुक को पूरा किया।



# अब सोभिता ने किया हॉलीवुड का रुख

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस सोभिता धुलिपाला अपने हॉलीवुड डेब्यू के लिए तैयार हैं। अभिनेत्री फिल्म मंकी मैन के साथ देव पटेल के साथ स्क्रीन शेयर करने के लिए तैयार हैं। इस फिल्म को सोभिता के लिए एक महत्वपूर्ण माइलस्टोन माना जा रहा है क्योंकि वे अपने कदमों को अंतरराष्ट्रीय फिल्म की ओर बढ़ा रही हैं। फिल्म में उनका किरदार सुपर इंट्रीग्यूइंग है और उनका इंटेंस प्रैसेंस सभी का ध्यान उनकी तरफ खीच रहा है। नेटफ्लिक्स की सीरीज और फिल्मों में बैक टू बैक धाक जमाने के बाद शोभिता धुलिपाला ने हॉलीवुड का रुख कर लिया है। इस हॉलीवुड डेब्यू के साथए सोभिता ने न सिर्फ अपनी अभिनय क्षमता की वर्सेटिलिटी दिखाई है बल्कि हॉलीवुड में और वैश्विक दर्शकों के दिलों में भी आगे बढ़ने का रास्ता बनाया है।



# नवाजुद्दीन ने किया अपनी कमाई का खुलासा

**मुंबई।** बॉलीवुड के बेहतरीन अभिनेताओं में गिने जाने वाले दिग्गज अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी काफी समय से वह अपनी फिल्म सैंधव को लेकर चर्चा में हैं। नवाजुद्दीन फिल्मों में लीक से हटकर किरदार निभाने के लिए पहचाने जाते हैं। अभिनेता ने इंडस्ट्री में अपने दमदार अभिनय का लोहा मनवा चुके हैं। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में उन्होंने खुलासा किया है कि वो लगभग कितना पैसा कमाते हैं। उन्होंने बताया कि वह खूब कमाते हैं। जब उनसे पूछा गया कि 10 करोड़ या उससे ज्यादा तो उन्होंने कहा कि उसके आसपास। एक्टर ने इस बात का भी खुलासा किया कि वह फिल्में सिर्फ पैसा कमाने के लिए करते हैं, जिससे आगे चलकर वह बिना कोई पैसा लिए कुछ फिल्मों में काम कर सके, जिनकी स्क्रिप्ट उनके दिल को भा जाए।

# अब कन्नड़ फिल्म में डेब्यू करेंगी नोरा...

**मुंबई।** नोरा फतेही ने केवीएन प्रोडक्शंस के साथ दो फिल्मों के लिए नई डील साइन की है। नोरा तेलुगु के बाद अब कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री में उनके अभिनय की शुरुआत करेंगी। केडी द डेविल नामक प्रोजेक्ट में नोरा की बेजोड़ डांस प्रस्तुत करेंगी। जाने माने कन्नड़ फिल्म निर्माता प्रेम द्वारा निर्देशित यह फिल्म एक शानदार दृश्य बनने के लिए तैयार है। वह कहते हैं, नोरा फतेही काम के लिए बहुत समर्पण और फोकस के साथ आती हैं। मुझे इस ग्लोबल सेंसेशन पर बहुत भरोसा है और विश्वास है कि यह अनोखा जुड़ाव फिल्म को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। नोरा ने अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, मैं कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं। यह सहयोग नए दर्शकों से जुड़ने और कर्नाटक में कहानी कहने की परंपरा के विभिन्न पहलुओं का पता लगाने का एक रोमांचक अवसर है।



# उल जलूल इश्क में नजर आएंगी फातिमा सना...

*__मुंबई।__ एक्ट्रेस फातिमा सना शेख जल्द ही फिल्म उल जलूल इश्क में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म में उनके साथ और भी कई टैलेंटेड एक्टर्स दिखेंगे। फिल्म उल जलूल इश्क में नसीरुद्दीन शाह, विजय वर्मा और शारिब हाशमी जैसे एक्टर्स भी अहम भूमिका निभाते नजर आने वाले हैं। फिल्म की शूटिंग के लिए पूरी टीम पंजाब पहुंच चुकी है। हाल ही में ये एक्ट्रेस विक्की कौशल की फिल्म सैम बहादुर में नजर आई थीं। मेघना गुलजार के निर्देशन में बनी इस फिल्म में फातिमा सना शेख भारत की दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के किरदार में दिखी थी। इस किरदार में अपने शानदार अभिनय से एक्ट्रेस ने सबको मंत्रमुग्ध कर दिया था। फातिमा सना शेख कहती है कि दंगल को 7 साल हो गए हैं। एक ऐसी फिल्म, जिससे मैंने सनेमा में मेरी शुरुआत हुई और मुझे खुशी के आंसू और शाश्वत यादें दीं। दंगल से लेकर धक धक तक मेरा फिल्म करियर खुशियों, आंसुओं और दुखों के साथ भावनाओं की उतार चढ़ाव से भरा रहा है।*



# रोबोट का किरदार निभाने वाली बनीं पहली एक्ट्रेस

**मुंबई।** कृति सेनन अपमकिंग फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया में शानदार भूमिका निभाती नजर आएंगी, जो कि सिफरा नाम की एक रोबोट की है। ऐसा करके कृति न केवल एक अनोखे किरदार की शुरुआत कर रही हैं बल्कि सिल्वर स्क्रीन पर रोबोट का किरदार निभाने वाली बॉलीवुड की पहली एक्ट्रेस भी बन गई हैं। बता दें कि कृति अपने किरदार की जटिलताओं को सहजता से पेश करती हैं। रोबोट की भूमिका निभाना कोई आसान बात नहीं है, खासकर के जब संसारिक रूप से अंदर की भावनाओं को व्यक्त करने की चुनौतियों का सामना करते हैं। हालांकि ऐसा लगता है कि कृति ने इस कला में महारत हासिल कर ली है। कई प्रकार के कौशल का प्रदर्शन करते हुए, जो उनके अभिनय कौशल की गहराई को उजागर करते हैं। वह दोनों हाथों से सहजता से खाना पकाने, बेजान आचरण अपनाने, मैकेनिकल फेस के साथ भावनाएं व्यक्त करने, पीछे की ओर झुकने और कई अन्य पलों में अपनी काबिलियत दिखाती है, जो एक रोबोट की प्रामाणिकता को बनाए रखते हैं। ये सभी कृति की सीमाओं को पार करने और एक रोबोट जैसे अनोखे किरदार को निभाने के साथ आने वाली चुनौतियों को स्वीकार करने की कमिटमेंट को प्रदर्शित करते हैं।



# नेशनल फिल्म अवॉर्ड विजेता होने के बाद मिथुन चक्रवर्ती को झेलना पड़ा था रिजेक्शन

**मुंबई।** 70-80 के दशक में एक्टर्स को स्टार बनाने में उनकी प्रतिभा के साथ ही उनके लुक्स का भी बड़ा योगदान होता था। 70 के दशक में बॉलीवुड में एक ऐसे सुपरस्टार उभरे, जिन्हें कभी उनके रंग रूप के चलते फिल्मों में काम नहीं मिलता था लेकिन फिर समय ने ऐसी करवट ली कि वह उस दौर के सभी लीडिंग एक्टर्स पर भारी पड़ने लगे। मिथुन चक्रवर्ती ने 1976 में क्रिटिक्स द्वारा प्रशंसित मृणाल सेन की फिल्म मृगया से अभिनय की दुनिया में कदम रखा था। इस फिल्म में अपने शानदार अभिनय से उन्होंने दर्शकों के साथ ही क्रिटिक्स को भी मंत्रमुग्ध कर दिया था। मृगया में लाजवाब अभिनय के लिए मिथुन चक्रवर्ती को नेशनल फिल्म अवॉर्ड फॉर बेस्ट एक्टर मिला था।



### बेस्ट एक्टर होने के बाद भी नहीं मिली फिल्में

डेब्यू फिल्म के लिए नेशनल अवॉर्ड मिलना किसी भी एक्टर के लिए छोटी बात नहीं है। ऐसे में हर एक्टर को उम्मीद होती है कि पहली फिल्म से ही बेशुमार सफलता पाने के बाद उनके पास फिल्मों की लाइन लग जाएगी लेकिन असल में मिथुन की परिस्थितियां इसके बिल्कुल उलट थीं। नेशनल फिल्म अवॉर्ड विजेता होने के बावजूद उन्हें इंडस्ट्री में कई बार रिजेक्शन झेलना पड़ा था।

### काले रंग के चलते कोई नहीं करता था साथ काम

एक्टर ने अपने पुराने इंटरव्यूज में कई बार इस बात का जिक्र किया था कि स्टारडम पाने की उनकी राह बिल्कुल भी आसान नहीं थी। डेब्यू फिल्म से क्रिटिक्स की खूब वाहवाही लूटने के बाद भी एक्टर को फिल्म इंडस्ट्री में आसानी से काम नहीं मिलता था। मिथुन चक्रवर्ती ने बताया था कि उनके काले रंग की वजह से कोई भी टॉप एक्ट्रेस उनके संग काम करने को तैयार नहीं होती थी ऐसे में जीनत अमान उनके लिए फरिश्ता साबित हुई थीं।

### जीनत अमान बनीं फरिश्ता

उस दौर में जब एक्ट्रेसेज मिथुन का नाम सुनते ही फिल्में रिजेक्ट कर दिया करती थीं उस वक्त सिर्फ जीनत अमान ही थीं जो उन्हें गुड लुकिंग समझती थीं। जीनत अमान ने मिथुन संग फिल्म करने के लिए हामी भर उनकी किस्मत पलट दी। एक्ट्रेस संग सुपरहिट फिल्म देने के बाद मिथुन चक्रवर्ती ने कभी अपने करियर में पीछे मुड़कर नहीं देखा।

## खबर संक्षेप

### हाईवा चालक ने ब्रेक मारा युवक का कट गया गर्दन

**रायगढ़।** तेज रफ्तार से सड़क में दौड़ रही हाइवा वाहन अचानक से सड़क में रूक गई। ऐसे में पीछे जा रहा बाइक चालक साथियों से समेत पीछे घुस गया। जिससे बाइक चालक का गर्दन मौके पर कट गया। जहां मौके पर ही उसकी मौत हो गई। वहीं पीछे बैठे दो सवार को गंभीर चोंट आया। जहां एक की अस्पताल में मौत हो गई। तो दूसरे को उपचार के लिए बाहर रिफर किया गया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार दिनेश यादव 35 साल पिता विराट यादव ग्राम रिसोड़ा थाना सरिया और गोवर्धन यादव पिता धनेश्वर यादव 26 साल ग्राम सीहा पुसौर दोनों जीजा साला है। 26 जनवरी के दिन सुबह चंद्रपुर घूमने के लिए ओड़िसा से आए मौसा को लेकर गए थे। जहां शाम को घूमने के बाद तीनों लौट रहे थे।

### ट्रक की चपेट में आया श्रमिक, गई जान

**रायगढ़।** जूटमिल थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासी श्रमिक रोजी मजूदरी करने जा रहा था, इसी बीच एक ट्रक की चपेट में आ कर उसकी मौत हो गई। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मनमोहन साहू पिता बादल साव उम्र 35 वर्ष निवासी बांजिनपाली रोजी मजदूरी का काम करता है। रोज की तरह वह रोजी मजदूरी का काम करने के लिए अपने 4-5 साथियों के साथ जा रहा था। तभी सामने से आ रहे एक ट्रक ने उसे अपनी चपेट में लिया। यह दुर्घटना छातामुड़ा चौक पर हुई, इस दुर्घटना में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और वस्तु स्थिति का जायजा लेते हुए शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए केजीएफ भे दिया गया, वहीं पुलिस जांच में जुट गई है।

### मवेशियों को बूचड़खाने ले जा रहे 2 गिरफ्तार

**रायगढ़।** बीते रात्रि घरघोड़ा पुलिस द्वारा कोटांगरटोली, लोदाम जिला जशपुर के आफताब खान और मोहम्मद जुनैद आलम को पिकअप वाहन में मवेशियों की तस्करी करते पकड़ा गया है। आरोपियों के कब्जे से एक पिकअप वाहन में ठूंस-ठूस कर भरकर रखे 9 मवेशियों को मुक्त कराया गया है तथा आरोपियों पर पशुक्रूरता अधिनियम के तहत कार्यवाही किया गया है। 28 जनवरी की रात्रि दोस्त आयुष डनसेना, सुधीर पंडा के साथ पूंजीपथरा से घरघोड़ा आते समय 1 बजे पावरग्रीड चुहकीमार घरघोड़ा के पास मेन रोड़ में रोड किनारे वाहन क्र. जेएच-01-डीटी-2209 के ड्रायवर और हेल्फर को कुछ अज्ञात लोग मारपीट कर रहे थे, जो इनके आने पर मौके से भाग गए। वाहन पीकप के पीछे डाला में 09 मवेशियों को बेहद कम जगह में ठूंस-ठूस कर रखा गया था। थाना में सूचना दिए जाने पर घरघोड़ा पुलिस मौके पर पहुंची, वाहन चालक से पूछताछ करने पर वाहन का चालक मोह. जुनेद आलम एवं हेल्फर अफताब खान दोनों निवासी सांई टांगरटोली लोदाम जिला जशपुर का होना बताये एवं मवेशियों को वध करने के लिए रायगढ़ से टांगरटोली ले जाना बताए।

### तमनार में भारत माता की भव्य आरती, महाभंडारा

**तमनार।** केलो बनांचल आदिवासी बाहुल्य ग्राम पंचायत तमनार में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 75 वें गणतन्त्र दिवस के अवसर पर माँ सरस्वती वंदना भारत माता की भव्य आरती की गई। जिसमें सभी युवा देशप्रेमी, गणमान्य नागरिकों द्वारा भारत माता और भगवान श्रीराम प्रभु की पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात परम् संत श्री हरे कृष्ण दास महाराज के सानिध्य में सुधांशु शर्मा, विनायक पटनायक, राजेश पटनायक, राजकुमार डनसेना, राजेश गुप्ता, रोहन पटनायक, मेहत्तर सिदार, योगेश शर्मा, सरपंच गुलापी सिदार, लिंगराज पटनायक रामप्रसाद बेहरा, द्रुपद बोहिदार, दुलेन्द्र पटेल, चमन बेहरा,चीकू पड़हिारी,हनी गुप्ता,राहुल पटनायक,सागर, नैमिष पटनायक, अनुराग डनसेना, विनायक राणा, आयुष राणा, राहुल पटनायक, शिवम बोहीदार शशिभूषण साव, विजय बेहरा रमेश कुंभकार, सागर पटनायक इस आयोजन में सभी माता बहनो युवा बंधु गणमान्य नागरिकगण शामिल हुए।

मेडिकल कॉलेज के समीप रक्त रंजित मिला शव



### फरार आरोपी की पतासाजी जारी

अहम बात यह है कि आरोपी का विशाल के साथ किस तरह का विवाद था। इसे लेकर भी फिलहाल स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है। हत्या की वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। ऐसे में उसकी पतासाजी करने के लिए टीम गठित की गई है। जो आरोपी के बारे में जानकारी एकत्र कर रही है।

# जमीन विवादः ढाबा संचालक की हत्या कर फरार हुआ आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

चक्रधर नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत मेडिकल कॉलेज के समीप ढ़ाबा संचालक की धारदार हत्या कर आरोपी फरार हो गया। इधर सूचना मिलते ही सीएसपी और चक्रधर नगर थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। आरोपी ने युवक की हत्या उस वक्त की, जब वह सड़क किनारे समतलीकरण कराने के लिए मिट्टी डलवा रहा था। जमीन विवाद को लेकर हत्या किए जाने की आशंका व्यक्त की जा रही है। फिलहाल चक्रधरनगर पुलिस फरार आरोपी की पतासाजी में जुट गई है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार यह घटना रविवार की दोपहर करीब 12 बजे की बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि मूलतः जिला आजमगढ उत्तर प्रदेश निवासी विशाल सिंह ठाकुर बीते कुछ सालों से पुरानी बस्ती सोनारपारा में किराये में मकान में रहता था। उसके परिजन आजमगढ़ में ही हैं। विशाल पूर्व में उर्दना रोड पर राजपूताना नामक ढ़ाबा का संचालन करता था। ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि मेडिकल कॉलेज के समीप स्थित एमसीएच के पास ही एक जमीन का समतलीकरण करा रहा था। शायद उसे खरीद कर यहां ढ़ाबा का संचालन करने वाला था। जमीन के समतलीकरण कराने के लिए ही रविवार को विशाल एमसीएच के समीप अपनी जमीन के पास पहुंचा था। वह जमीन का समतलीकरण करा ही रहा था कि इसी बीच एक युवक वहां आया और कुछ विवाद के बाद आरोपी धारदार हथियार से उसके सिर पर वार कर उसकी हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया। इस वारदात के बाद आसपास मौजूद लोगों के बीच सनसनी फैल गई। आनन फानन में चक्रधर नगर पुलिस थाने में सूचना दी गई। सूचना मिलने के बाद तत्काल चक्रधर नगर पुलिस व सीएसपी मौके पर पहुंचे और वस्तु स्थिति का जायजा लेते हुए घटना के बारे में जानकारी एकत्र करने के साथ ही शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिये जिला अस्पताल भेजा गया।

#### जांच जारी

हत्या के इस मामले में फरार आरोपी की पतासाजी की जा रही है। वहीं युवक के परिजनों से भी संपर्क किया जा रहा है। फिलहाल जांच जारी है।

**- प्रशांत राव आहेर,** निरीक्षक थाना प्रभारी, चक्रधर नगर

## ओडिसा से ट्रैक्टर में लाया जा रहा 136 बोरी धान जब्त



**रायगढ़।** थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक मोहन भारद्वाज को ग्राम भ्रमण के दौरान मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम मुडापारा नारायणपुर का करन यादव उड़ीसा से ट्रैक्टर में धान लेकर कोड़ामई के रास्ते गांव आ रहा है।

सूचना पर तत्काल थाना प्रभारी स्टाफ के साथ कोड़ामई रास्ते पर नाकेबंदी कर संदेही को ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 13 एलए 0806 में धान लाते हुए पकड़े। ट्रैक्टर में 40.40 किलो के '136 बोरी धान कुल वजन 54 क्विंटल का रखा हुआ मिला। पूछताछ पर वाहन चालक करन यादव पिता पितांबर यादव उम्र 19 साल निवासी मुडापारा नारायणपुर थाना लैलूंगा' ने उड़ीसा से धान लाना स्वीकार किया। थाना प्रभारी द्वारा अनावेदक ट्रैक्टर चालक करन यादव पर धारा 102 सीआरपीसी के तहत कार्यवाही कर अनुविभागीय अधिकारी लैलूंगा के न्यायालय में इस्तगाशा पेश किया गया है और पृथक से खाद्य विभाग को सूचना दी गई है। कार्यवाही में थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक मोहन भारद्वाज, प्रधान आरक्षक परमेश्वर नाथ पैकरा आरक्षक भूपेश राठिया और हेलारियुस तिर्की शामिल थे।

# धर्मांतरण के मामले में 14 जेल दाखिल कार्रवाई की मांग, भाजयुमो का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

धर्मांतरण के मामले में जुट मिल थाना प्रभारी और उनकी टीम ने कार्रवाई करते हुए 14 लोगों को धर्मांतरण करने के आरोपियों खिलाफ अपराध पंजीबद्ध करने के साथ ही सभी आरोपियों को न्यायालय के निर्देश पर जेल भेज दिया है। जिसमें से 9 महिला और 5 पुरुष के ऊपर नाम फिर दर्ज किया गया है। इसके बाद उनको शाम होते होते जेल में दाखिल कर दिया गया। बताना लाजिमी होगा कि धर्ममंतरण के मामले में जिले की पुलिस का अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई के रूप में देखा जा रहा है। नाराज हिन्दू संगठन धर्मांतरण के मामले में मकान मालिक के ऊपर कार्रवाई की मांग करने लगे। वही मकान मालिक के स्टेशन चौक दुकान पर भी जमकर नारेबाजी करते हुए हनुमान चालीसा का पाठ किया कार्यकर्ताओं ने कहा कि आने वाले समय में धर्मांतरण का मामला आगे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



### मिशनरीज के फंडिंग की जांच की मांग

भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अंशु टुटेजा ने मुख्य मंत्री से मांग किया की धर्मांतरण जैसी किसी भी घटना पर गम्भीरता से जांच हो और धर्मांतरण के लिए ईसाई मिशनरीज को हो रही फंडिंग की जांच हो और प्रदेश में संलिप्त ईसाई प्रचारकों को तत्काल गिरफ्तार किया जाए जो कि पैसों के लालच और भय दिखाकर भोले भाले आदिवासी हरिजन और पिछड़े हिन्दू भाई बहनों का जबरिया धर्मांतरण करवा रहे है इनके खिलाफ कठोर कार्यवाही की आवश्यकता है।

### एनएच 49 रोड टोल नाका में सुविधा का हाल, बेहाल

**पुसौर।** पुसौर तहसील क्षेत्र के ग्राम झलमला में 19 जनवरी 2023 से राष्ट्रीय राजमार्ग पर टोल नाका स्थापित है जिसे मेसर्स शशिकांत जेना द्वारा ठेका में लिया गया है जो लगभग एक साल हो गया है और बहरहाल यहां प्रबंधक के रूप में जयंत कुमार पाण्डेय तैनात हैं। इनसे प्राप्त जानकारी अनुसार उक्त नाके में 8 लेन हैं जिसमें 8 वाहन आना जाना एक साथ कर सकते हैं और इन जगहों में 8-8 घंटे की ड्यूटी देने वाले कर्मचारी रात और दिन कार्यरत रहते हैं। इसमें 51 पुरूष और 9 महिला है जिसमें से कुछ कर्मचारी आसपास गांव के हैं जो ड्यूटी खतम होने के बाद वे अपने घर चले जाते हैं वहीं शेष कर्मचारी ट्रोल द्वारा बनाए गए भवन में निवास करते हैं जहां रहने बसने की पुरी सुविधा के साथ सीसी केमेरे भी लगे हुए। परंतु राष्ट्रीय राजमार्ग के मापदंडों के अनुरूप टोल नाके पर जन सुविधाओं का अभाव है।

# एनटीपीसी में नौकरी लगाने के नाम पर 7 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

एनटीपीसी में नौकरी लगवाने के नाम पर एक आरोपी ने दो लोगों से करीब 7 लाख की ठगी की है। पीड़ित से आरोपी ने खाते और नगद माध्यम से रूपए लिया। जिसके बाद लंबे समय से उन्हे आजकल टालमटोल कर रहा है। पीड़ित को ठगी का संदेह हुआ जिसके बाद कोतवाली थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराया है। पुलिस ने 420 का मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

पीड़ित विजय कुमार गर्ग पिता तेलूराम गर्ग विकास नगर निवासी कोतरा रोड़ का रहने वाला है। 2019 में घड़ी चौक गायत्री मंदिर के सामने स्थित कार्यालय पर शिवदयाल तिवारी नाम के व्यक्ति से परिचय हुआ था। उसने अपना परिचय एनटीपीसी सीपत में एचआर के पद पर होना बताया था। बातों बातों में उसने यह बताया था कि उसकी पकड़ कम्पनी के बड़े बड़े अधिकारियों से है और किसी की भी मैनेजमेंट कोटा से नौकरी लगवाने की बात कही। ऐसे में उसकी बातों में आकर पीड़ित ने पुत्री कोमल के लिए 20 लाख रुपए और ऑफिस में बैठे पति संदीप चौधरी निवासी नंदेली भी शिवदयाल से प्रभावित हो गया। वह उक्त शिवदयाल के पूरे प्रभाव और झांसे में आ गया उक्त संदीप चौधरी हम दोनों को उक्त शिवदयाल ने अपने प्रभाव एवं झांसे में लेकर कुल 7 लाख रुपए मई से जुलाई 2020 तक विभिन्न दिनांको तक नौकरी दिलाने के नाम पर ले लिया। युनाइटेड बैंक, जिंदल रोड़ रायगढ़ के खाता में प्राप्त किया था। दो लाख रुपए नगद था और पांच लाख रुपए अकाउंट में प्राप्त किया था। पैसे लेने के बाद आरोपी लंबे समय से बहानेबाजी करने हुए इन्हे घुमा रहा है। पीड़ित ने कोतवाली थाने में अपराध दर्ज कराया है, शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है।




- अपराध दर्ज कर जांच में जुटी कोतवाली पुलिस

### भटगांव के लोटस पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव में शामिल हुए मंत्री

# राम व श्याम पैदा होंगे, मां को कौशल्या यशोदा बनना होगाः राजस्व मंत्री वर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, खेलकूद एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा जिले के नगर पंचायत भटगांव प्रवास पर रहे, जहां निजी विद्यालय परिवार व नगरवासियों ने उनका जोरदार स्वागत किया। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के निजी विद्यालय लोट्स पब्लिक स्कूल की ओर से आठवें वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया, जहां मंत्री टंकराम वर्मा बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और कार्यक्रम में शिरकत की।

बच्चो ने सुंदर अपनी अपनी प्रस्तुतियां दी। मंत्री श्री वर्मा ने मंच में लोगों को संबोधित करते हुए भटगांव नगर को धर्म की नगरी बताते हुये अयोध्या में हुई रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की जिक्र किया और कहा कि हमारे पुरखों और सनातनियों ने जो रामलला को अयोध्या लाने का सपना देखा, आज वो पूर्ण हो गया है। पूरा भारत राममय हो गया है। मंत्री ने उद्बोधन शायराना अंदाज में कहा कि रावण का स्वयं वध करूंगा, कहने वाला राम जगे, दुष्ट शेष एक न बचेगा, कहने वाला श्याम जगे, मैं घर घर में राम नाम का अलख जगाने आया हूं। हे भारत के राम जगो, मैं तुम्हें जगाने आया हूं। बच्चे बहुत प्रतिभावान होते हैं। हर बच्चे में प्रतिभा होती है। उसको निखारने की जरूरत होती है। हर बच्चे में, किसी में पेंटिंग किसी में संगीत की, किसी में लेखनी की, किसी में कविता की, किसी में गायन की, हर बच्चे में प्रतिभा है, उसको बाहर लाने की जरूरत है। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमारी माताएं बच्चों को केवल जन्म ही नहीं देती, जन्म के साथ जीवन भी देती हैं और संस्कार भी देते हैं। शिक्षा कहीं भी मिल जाएगी, डिग्री, नौकरी कहीं भी मिल जाएगी, लेकिन संस्कार कहीं नहीं मिलेगा, संस्कार देने का काम केवल मां के पास है। किसी ने कहा है शिक्षा से पहले संस्कार जरूरी है और व्यापार से पहले व्यवहार जरूरी है। आपका बच्चा जैसा चाहोगे वैसा बनेगा, वैसा तैयार होगा। आज भी हर घर में राम पैदा होगा, मां को कौशल्या बनना पड़ेगा। हर घर में कृष्ण पैदा होगा मां को यशोदा बनना होगा। उन्होंने बच्चो के उत्साह के लिए पूर्व में कहा कि कार्यक्रम का तैयारी के लिए कितना पसीना बहाया है। उन सभी के मेहनत के लिए एक बार तालिया हो जाए। 5 मिनट का कार्यक्रम देखोगे। 5 मिनट का नृत्यए नाटक। उस नाटक के मंच पर लाने के लिए हमारे विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं ने बहुत मेहनत किया है।15 दिन का मेहनत किया है तो 5 मिनट के कार्यक्रम देखोगे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्कूल के शिक्षक शिक्षिका और पालक उपस्थित थे।




### आध्यात्मिक यात्रा का अंतिम पड़ाव कौवाताल में

**रायगढ़।** जयगुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था मथुरा के तत्वावधान में संस्थाध्यक्ष सन्त पंकज महाराज के सानिध्य में निकली 82 दिवसीय आध्यात्मिक जनजागरण यात्रा ने छत्तीसगढ़ प्रान्त में अपना 33वाँ व अन्तिम पड़ाव तह पुसौर में गांव कौआताल में डाला। यहां के नागरिक भाइयों, बहनों, बच्चों ने पारम्परिक वाद्य यन्त्रों व द्वीप प्रज्वलित कलशों से यात्रा का भव्य स्वागत किया।आज यहां आयोजित सत्संग समारोह में पूज्य पंकज महाराज ने कहा सन्त महात्मा आम अवाम की भलाई का सन्देश लेकर आते हैं, अपने आत्म कल्याण के प्रति अचेत लोगों को अनमोल मानव तन पाने का उद्देश्य समझाते हैं। नर तन तुमने दुर्लभ पाया, कोटि जनम जब भटका खाया। अब याको बिरथा मत खोओ, चेतो छिन छिन भक्ति कमाओ। पंक्तियों को उद्धृत करते हुए कहा हे भाईयों, बहनों! एक नहीं करोड़ो जन्मों में भटकते हुए यह अनमोल मानव तन आप सबको प्राप्त हो गया।



## न्यायाधीश व अधिवक्ता एकादश के बीच हुआ सद्भावना मैच

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ

जिला अधिवक्ता संघ ने बार बेंच संबधों में सौम्यता सुदृढ़ता को स्थापित करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है छत्तीसगढ़ में रायगढ़ अधिवक्ता संघ ने सदैव बार बैंच के सुमधुर संबधों का प्रेरणादायक रहा है।

26 जनवरी को स्थानीय स्टेडियम बोईरदादर में अधिवक्ता संघ की सीनियर टीम का सद्भावना मैच न्यायाधीश एकादश के साथ खेला गया जिसमें अधिवक्ता एकादश ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यायाधीश एकादश को 98 रन लक्ष्य दिया। इस मैच में अधिवक्ता एकादश की ओर से सर्वाधिक रन 49 अधिवक्ता संजय शर्मा ने बनाए। लक्ष्य प्राप्त करने उतरी न्यायधीश एकादश की ओर से प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश कमलेश जगदल्ला ने अपनी टीम की ओर से सर्वाधिक रन बनाए। रोमांचक मैच में न्यायाधीश एकादश अंतिम समय में 98 रन लक्ष्य प्राप्त नहीं कर सका और 2 रन से मैच हार गई। दिन के दूसरे सद्भावना मैच में अधिवक्ता एकादश जूनियर की टीम ने 82 रन बनाए जिसके बाद न्यायलयीन कर्मचारी एकादश के मध्य रोमांचक मुकाबला हुआए लक्ष्य की प्राप्ति के लिए मैदान में उतरी न्यायालयीन कर्मचारी एकादश ने 82 रन को अंतिम ओवर में एक विकेट रहते जीत हासिल की दिन के दूसरे मैच में अधिवक्ता दीपक यादव और न्यायलयीन कर्मचारी एकादश की ओर से संदीप नायक ने अपने अपने टीम के लिए सर्वाधिक रनों का यौगदान दिया। उक्त मैच के मुख्य अतिथि जिला एवं सत्र न्यायाधीश अरविंद कुमार सिन्हा परिवार न्यायालय के न्यायाधीश श्री टोप्पो एवं जिला अधिवक्ता संघ रायगढ़ के अध्यक्ष रमेश शर्मा सचिव शरद पाण्डेय थे। अधिवक्ता संघ और न्यायालय परिवार के मध्य अगला सद्भावना मैच 28 जनवरी को खेला जाना है।

# कार से 11 किलो चांदी बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

ओडिशा से चांदी के आभूषण यहां खपाने का प्रयास कर रहे एक युवक को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए कार से 6 लाख रूपए कीमती 11 किलोग्राम चांदी बरामद कर जब्त कर लिया है। इस मामले में युवक ने अब तक इन आभूषणों के पक्के बिल पेश नहीं किया है। ऐसे में आभूषणों को जब्त करते हुए इस मामले में पूछताछ की जा रही है।

- ओडिशा से चांदी के आभूषण खपाने का प्रयास,

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 27 जनवरी की रात को थाना प्रभारी कोतवाली को मुखबिर से सूचना मिली कि ओडिशा से एक व्यक्ति कार से बिना पक्के बिल के चांदी के आभूषण अवैध तरीके से खपाने रायगढ़ लेकर आ रहा है। सूचना मिलने के बाद कोतवाली थाना प्रभारी ने अपनी टीम के साथ रवाना हुए। जहां पेट्रोलिंग के दौरान ही पुराना शनि मंदिर ओवर ब्रिज के पास मुखबिर के बताए अनुसार एक ओडिशा पासिंग कार नजर आई। उक्त कार क्रमांक ओआर 17 जे 9876 को रोक कर जब कार की तलाशी ली गई तब उसमें भारी मात्रा में चांदी के नए आभूषण जैसे चांदी का चूड़ा, अंगूठी, पायल, ब्रेसलेट, सिंदूर डिब्बी आदि रखे हुए थे।

कार सवार व्यक्ति से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम जुगल प्रधान पिता गणेश प्रधान उम्र 44 साल निवासी वार्ड नंबर 03 हाटपदा जिला बरगढ़ बताया। कार सवार को वाहन में रखे चांदी के नए आभूषणों के कागजात पेश करने नोटिस दिया गया। जुगल प्रधान चांदी के आभूषणों का कोई रसीद नहीं होना बताया। कार सवार के पास स चांदी के आभूषण कुल वजन 11 किलो बरामद किया गया। जिसकी कीमत करीब 6 लाख रुपए आंकी गई है। पिछले काफी दिनों से चोरी छिपे रायगढ में स्वर्ण एवं चांदी के आभूषण दूसरे प्रदेश से लाकर करो की चोरी की जा रही थी।



चांदी के आभूषणों के साथ गिरफ्तार आरोपी।

#### जांच जारी

बरगढ की ओर से आ रही कार कार में 11 किलो चांदी के आभूषण मिले हैं, जिसकी रसीद कार चालक ने पेश नहीं की है। जिसे रसीद पेश करने के लिए नोटिस भेजा गया है। फिलहाल इस मामले में जांच जारी है।

**शनिप रात्रे, निरीक्षक**
**थाना प्रभारी, सिटी कोतवाली**

## देशहित में आगे आने की जरूरतः शिव

**पुसौर।** बस स्टैण्ड पुसौर में पिछले 11 वर्ष से हरित सेवा समिति प्रमुख सीताराम चौहान एवं उनके सहयोगियों द्वारा प्रत्येक शासकीय पर्व के साथ साथ नामचीन लोगों के जयन्तियां एवं पुण्यतिथि मनाया जाकर क्षेत्र में एक प्रेरक प्रसंग स्थापित करते रहे हैं। आयोजित गणपर्व समारोह को उनके सभी साथीयों के मौजुदगी में मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि की आसंदी में रहे वरिष्ठ पत्रकार एवं पर्यावरण विद शिव राजपुत ने अपने उद्बोधन में कहा कि देश हित में पुरनौर ताकतों को आगे आने की जरूरत है चाहे वो राजनितिक अथवा गैर राजनीतिक। इसी कडी में इन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पर्वो को सलिके से पालन करना ही नहीं बल्कि यह पर्व जो सीख देती है ।

